प्रकाशक- राजभाषा अनुभाग, बीएनपी, देवास



# बीएनपी संवाद

राजभाषा ई- समाचार

द्वितीय संस्करण
जुलाई-सितम्बर 2019

बैंक नोट मुद्रणालय, देवास (म.प्र.)- 455001
(आईएसओ : 9001 एवं आईएसओ 14001 प्रमाणित इकाई)
भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की इकाई भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन

BANK NOTE PRESS, DEWAS (M.P.)- 455001
(ISO-9001 & ISO-14001 Certified Unit)
A Unit of Security Printing and Miniting Corporation of India Limited (Wholly Owned by Government of India)

## संदेश



**राजेश बंसल**
महाप्रबंधक, बीएनपी

राजभाषा कार्यान्वयन को ओर आगे बढाते हुए, ई पत्रिका का यह द्वितीय अंक आपको सौंपते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता है । इस बात की भी प्रसन्नता है कि बीएनपी के समस्त कार्मिकों के बीच इसके द्वारा बेहतर संवाद और तालमेल स्थापित हो रहा है । जिससे उत्पादन बढाने में सहायता भी मिल रही है । साथ ही राजभाषा हिन्दी की उन्नति में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी । इसके प्रकाशन से जुड़े समस्त कार्मिकों को हार्दिक बधाई ।

## संपादक कहिन



**संजय भावसार**
सहायक प्रबंधक (राजभाषा)

राजभाषा संवाद के इस ई-सेतु के साथ आप सभी से मेरा आहवान है कि इस ई- पत्रिका को निरंतर बेहतर बनाने के लिए आप समस्त पाठक अपनी उपलब्धियों, आयोजनों और नवाचार प्रयोगों की जानकारी फोटो सहित हमें सीधे ही वाट्सएप नं. 9713543275 पर पहुँचाएं, ताकि हम समस्त गतिविधियों को बेहतर ढंग से आप तक पहुँचा सकें ।

आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ ।

## बीएनपी राजभाषा प्रज्ञान व्याख्यानमाला में डॉ मोहन गुप्त और आचार्य शैलेंद्र पाराशर के व्याख्यान का आयोजन सम्पन्न

स्टाफ में अंतः प्रज्ञा, नैतिक मूल्यों की उच्च स्थापना, और बेहतर कार्यशीलता और राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोगों में वृद्धि के लिए बीएनपी में आयोजित की जा रही राजभाषा प्रज्ञान व्याख्यानमाला में उज्जैन से आमंत्रित दो प्रतिष्ठित वक्ताओं के व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

बीएनपी के राजभाषा अधिकारी श्री संजय भावसार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीएनपी में डॉ मोहन गुप्त, आई ए एस और पूर्व कुलपति, महर्षि पाणिनि संस्कृत वि वि उज्जैन और आचार्य प्रो शैलेंद्र पाराशर , पूर्व अध्यक्ष, डॉ आंबेडकर पीठ, विक्रम वि वि इस व्याख्यानमाला में आमंत्रित किये गए थे ।

व्याख्यान का विषय कुशल प्रबंधन में नैतिक मूल्यों की भूमिका था ।

मुख्य अतिथि डॉ मोहन गुप्त ने संबोधित करते हुए कहा कि परस्पर संवाद और अंतर्वैयक्तिक संबंधों के द्वारा बेहतर प्रबंधन और व्यक्ति के भीतर स्थित सत पृवृत्ति में वृद्धि कर रज और तम की कमी की जा सकती है । इससे स्वतः नैतिकता में वृद्धि हो जाएगी ।

विशिष्ट अतिथि वक्ता आचार्य पाराशर ने संबोधित करते हुए कहा कि पहले स्वयं को प्रबंधित करना आवश्यक है तत्पश्चात अन्य को प्रबंधित करना चाहिए । पहले शरीर को प्रबंधित करें, तत्पश्चात भावों और विचारों को प्रबंधित करना होगा । यदि हम सही विधि से सही सोच से कार्य करेंगे तभी हमारा प्रबंधन सफल होगा ।

इस व्याख्यानमाला के अध्यक्ष बीएनपी के महाप्रबंधक श्री राजेश बंसल थे । उन्होंने अपने संबोधन में दोनों अतिथि वक्ताओं के प्रबोधन और मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञता अर्पित की और शाल श्रीफल से उनका स्वागत सम्मान किया ।

इस अवसर पर बीएनपी के उपमहाप्रबंधक द्वय श्री एस महापात्रा, श्री अशोक कुमार अरोरा, सी आई एस एफ कमांडेंट श्री नागेंद्र शर्मा, वी जी महरिया, मुकेश दुबे, नीलू द्विवेदी, अखिलेश गुप्ता, डॉ जी एस जारेडा, एन एस राव, मंगेश कासवेकर, एस बैनर्जी, इश्वबनाथ जीभे, मंगेश हिरलकर, सुनील मोजाड़, हिमांशु शुक्ला, जे एस पंवार, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद नवाज़, आर पी सिंह, सुभाष कुमार, सौरभ प्रजापत आदि अधिकारी और विभिन्न यूनियन पदाधिकारी उपस्थित थे ।







कार्यक्रम का संचालन श्री संजय भावसार ने और आभार प्रदर्शन श्री पुष्पेंद्र पाल सिंह ने किया । नितिन श्रीवास्तव और विवेक प्रसाद द्वारा सहयोग प्रदान किया गया ।

# बीएनपी में स्वतंत्रता दिवस

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

बीएनपी में स्वतंत्रता दिवस 2019 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजेश बंसल, महाप्रबंधक, बीएनपी द्वारा ध्वजारोहण किया गया और परेड ग्राउण्ड पर उपस्थित जनों को सम्बोधित किया। साथ ही सीआईएसएफ के जवानों द्वारा आकर्षक परेड की प्रस्तुति भी दी गई और केन्द्रिय विद्यालय के छात्रों द्वारा राष्ट्रगान की सामूहिक प्रस्तुति दी गई।







# सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह दिवस का आयोजन



सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह-जुलाई 2019



सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह-अगस्त 2019



सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह-सितम्बर 2019

विशाखा गाईड लाइन के अनुरुप बीएनपी के प्रशासनिक भवन में महिलाकर्मियों को विशेष सुविधा प्रदान करने के लिए

## विश्राम कक्ष का उद्घाटन

मा. श्री राजेश बंसल, महाप्रबंधक, बीएनपी द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2019 को किया गया। अवसर पर महिला स्टॉफ की उपस्थिति के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।








**श्री पी.पी. कुलकर्णी**

सहायक प्रबंधक (तक प्रचा) का बीएनपी, देवास से सीएनपी नासिक में स्थानांतरण पर

**हार्दिक शुभकामनाएँ!**



**श्री एन.एल पाल**

सीएनपी नाशिक से पदोन्नति होने पर बीएनपी, देवास में अधिकारी (तक प्रचा) अधिकारी के पद पर नियुक्ति पर

**हार्दिक स्वागत**



**श्री जी.एन.एस. राव**

सीएनपी नाशिक से सहायक प्रबंधक (तक प्रचा) पद पर बीएनपी, देवास में स्थानांतरण पर


**हार्दिक स्वागत**



**श्री आशिक हुसैन शामी**

अधिकारी (तक प्रचा) से सहायक प्रबंधक (तक प्रचा) पद पर पदोन्नति होने पर

**हार्दिक बधाई!**



"अगर आप किसी चीज को पूरी शिद्दत से चाहते हैं तो पूरी कायनात उसे आपसे मिलाने की तैयारी में जुट जाती है।"



## पुस्तक-यात्रा का आयोजन

पुस्तकों के प्रति रुचि बढाने के लिए रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल एवं नराकास, देवास के संयुक्त तत्वाधान में पुस्तक-यात्रा का आयोजन दिनांक 10 सितम्बर 2019 को बीएनपी के श्रम कल्याण केन्द्र में किया गया । इस आयोजन में बीएनपी के महाप्रबंधक श्री राजेश बंसल और नगर के अन्य गणमान्य कवि, साहित्यकार आदि उपस्थित थे । इस अवसर पर काव्यगोष्ठी का भी आयोजन किया गया ।







## बीएनपी में काव्य-पाठ का आयोजन

विगत दिनांक 31 अगस्त 2019 को निगम मुख्यालय के निदेशों के अनुपालन में बीएनपी में काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया । इस आयोजन में 20 से ज्यादा प्रतिभागियों द्वारा अपनी श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ किया गया । निर्णायक के रुप में श्री अशोक कुमार अरोरा, डीजीएम, श्री मुकेश दुबे, प्रबंधक (तकनीकी प्रचालन), श्री नीलू द्विवेदी, उप प्रबंधक (आई.टी.) निर्णायक के रुप में उपस्थित थे ।






## अंग्रेजी-हिन्दी वाक्यांश

| | |
|---|---|
| 1 | The proposal is submitted for perusal.<br>प्रस्ताव अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। |
| 2 | Pending cases be disposed off early.<br>लंबित मामले शीघ्र निपटाए जाएं। |
| 3 | Please put up the file as modified.<br>कृपया यथासंशोधित फाईल प्रस्तुत करें। |
| 4 | Decision of the court case may be informed accordingly.<br>मुकद्दमे का निर्णय तदनुसार सूचित किया जाए। |
| 5 | We should have lenient approach in administrative matters.<br>हमें प्रशासनिक मामलों में उदार दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। |
| 6 | Delay may be explained.<br>विलम्ब का कारण बताया जाए। |
| 7 | This O.M. is for general circulation only.<br>यह का.ज्ञा. केवल सामान्य परिचालन के लिए है। |
| 8 | Summary of the case may be put up.<br>इस मामले का सार प्रस्तुत किया जाए। |
| 9 | Financial concurrence for the workshop may be obtained.<br>कार्यशाला के लिए वित्तीय सहमति प्राप्त की जाए। |
| 10 | ppropriate action may be taken as per rule.<br>नियमानुसार उपयुक्त कार्रवाई की जाए। |

## बीएनपी द्वारा स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम का आयोजन

बीएनपी द्वारा दिनांक 16 अगस्त से 31 अगस्त 2019 के दौरान स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया गया । इस दौरान बीएनपी परिसर स्थित केन्द्रीय विद्यालय एवं हिन्दी माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता जागरुकता बढाने के उद्देश्य से चित्रकला, निबंध, प्रश्नमंच आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर बीएनपी महाप्रबंधक श्री राजेश बंसल के नेतृत्व में बीएनपी कैम्पस में स्वच्छता जागरुकता रैली का भी आयोजन किया गया।











16 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का समापन

**54 प्रतिशत बीमारियां सफाई का ध्यान नहीं रखने से होती**



स्वच्छता पखवाड़े पर रैली निकालते।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

देवास. बैंक नोट मुद्रणालय में 16 से 31 अगस्त के दौरान स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया, जिसका शनिवार को रैली निकालकर समापन हुआ। बीएनपी के राजभाषा अधिकारी और स्वच्छता कार्यक्रम समन्वयक संजय भावसार ने बताया कि इस दौरान स्वच्छता शपथ, स्वच्छता अभियान, हिंदी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय में निबंध, क्विज, चित्रकला प्रतियोगिता आदि के आयोजन कर स्वच्छता जागरुकता का प्रसार किया गया।

स्वच्छता पखवाड़े के समापन अवसर पर बीएनपी महाप्रबंधक राजेश बंसल के नेतृत्व में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन प्रतिनिधियों आदि के साथ बीएनपी कैंपस में सघन स्वच्छता जागरुकता कैंपेन चलाया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक बंसल ने स्वच्छता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 54 प्रतिशत बीमारियां सफाई का ध्यान न रखने के कारण होती है। बंसल ने समस्त कर्मचारियों का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता की आवश्यकता को समझें और अपने परिसर को गंदगी मुक्त रखे। इस अवसर पर अशोक कुमार अरोरा उप महाप्रबंधक, मुकेश दुबे प्रबंधक, अखिलेश गुप्ता, नीलू द्विवेदी, एस बैनर्जी, एनएस राव, नितिन दास, मोहम्मद नवाज, सुभाष कुमार आदि अन्य अधिकारी सहित एलएन मारू, कमलसिंह चौहान, प्रदीप सांगते, जाहिद पठान आदि यूनियन प्रतिनिधि उपास्थित थे।

# नगर राजभाषा कार्यांवयन समिति की बैठक का आयोजन

बीएनपी के संयोजन में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की नगर राजभाषा समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 22 जुलाई 2019 को किया गया।

बैठक में नगर स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों/बैंक/बीमा/उपक्रमों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे और राजभाषा कार्यांवयन में वृद्धि के लिए विचार-विमर्श कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इस बैठक की अध्यक्षता बीएनपी महाप्रबंधक श्री राजेश बंसल द्वारा की गई और बैठक का संचालन नराकास सदस्य सचिव श्री संजय भावसार द्वारा किया गया।






# श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन के लिए बीएनपी प्रथम राजभाषा शील्ड से सम्मानित

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा दिनांक 22 जुलाई 2019 को आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान बीएनपी देवास को श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित कवि एवं देवास जिलाधीश डॉ. श्रीकांत पाण्डेय ने बीएनपी महाप्रबंधक श्री राजेश बंसल को राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया।





# बीएनपी द्वारा स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम का आयोजन

बीएनपी द्वारा दिनांक 16 अगस्त से 31 अगस्त 2019 के दौरान स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएनपी परिसर स्थित केन्द्रीय विद्यालय एवं हिन्दी माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता जागरुकता बढाने के उद्देश्य से चित्रकला, निबंध, प्रश्नमंच आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बीएनपी महाप्रबंधक श्री राजेश बंसल के नेतृत्व में बीएनपी कैम्पस में स्वच्छता जागरुकता रैली का भी आयोजन किया गया।








16 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का समापन

## 54 प्रतिशत बीमारियां सफाई का ध्यान नहीं रखने से होती



स्वच्छता पखवाड़े पर रैली निकालते।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

देवास. बैंक नोट मुद्रणालय में 16 से 31 अगस्त के दौरान स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया, जिसका शनिवार को रैली निकालकर समापन हुआ। बीएनपी के राजभाषा अधिकारी और स्वच्छता कार्यक्रम समन्वयक संजय भावसार ने बताया कि इस दौरान स्वच्छता शपथ, स्वच्छता अभियान, हिंदी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय में निबंध, क्विज, चित्रकला प्रतियोगिता आदि के आयोजन कर स्वच्छता जागरुकता का प्रसार किया गया।

स्वच्छता पखवाड़े के समापन अवसर पर बीएनपी महाप्रबंधक राजेश बंसल के नेतृत्व में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन प्रतिनिधियों आदि के साथ बीएनपी कैंपस में सघन स्वच्छता जागरुकता कैंपेन चलाया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक बंसल ने स्वच्छता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 54 प्रतिशत बीमारियां सफाई का ध्यान न रखने के कारण होती हैं। बंसल ने समस्त कर्मचारियों का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता की आवश्यकता को समझें और अपने परिसर को गंदगी मुक्त रखे। इस अवसर पर अशोक कुमार अरोरा उप महाप्रबंधक, मुकेश दुबे प्रबंधक, अखिलेश गुप्ता, नीलू द्विवेदी, एस बैनर्जी, एनएस राव, नितिन दास, मोहम्मद नवाज, सुभाष कुमार आदि अन्य अधिकारी सहित एलएन मारू, कमलसिंह चौहान, प्रदीप सांगते, जाहिद पठान आदि यूनियन प्रतिनिधि उपास्थित थे।